# FIRST INFORMATION REPORT

**(Under Section 154 Cr.P.C.)**

**(प्रथम सूचना रिपोर्ट)**

**(धारा 154 दंड प्रक्रिया सहिंता के तहत )**

1. **District (ज़िला):** STATE VIGILANCE AND **P.S.(थाना):** SIRMAUR(NAHAN) **Year(वर्ष):** 2023
   **FIR No(प्र.सू.रि.सं.):** 0005 **Date & Time of FIR (एफआईआर की तिथि / समय):** 30/06/2023 04:53 PM

2.

| S.No.(क्र.सं.) | Acts(अधिनियम ) | Sections(धारा(एँ)) |
|---|---|---|
| 1 | HP PREVENTION OF SPECIFIC CORRUPT PRACTICES ACT, 1983 | 4 |
| 2 | HP PREVENTION OF SPECIFIC CORRUPT PRACTICES ACT, 1983 | 5 |
| 3 | IPC 1860 | 420 |
| 4 | IPC 1860 | 467 |
| 5 | IPC 1860 | 468 |
| 6 | IPC 1860 | 471 |

3. **(a) Occurrence of offence (अपराध की घटना):**
   1. **Day(दिन):** **Date From(दिनांक से):** **Date To(दिनांक तक):**
      **Time Period (समय अवधि):** **Time From (समय से):** **Time To (समय तक):**

   **(b) Information received at P.S.(थाना जहां सूचना प्राप्त हुई ):** **Date(दिनांक):** 30/06/2023 **Time (समय):** 03:56 PM
   **(c) General Diary Reference (रोजानामचा संदर्भ):** **Entry No.(प्रविष्टि सं.):** 010 **Time (समय):** 30/06/2023 03:56 PM

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written
5. **Place of Occurrence (घटनास्थल ):**
   1. **(a) Direction and distance from P.S (थाना से दूरी और दिशा):** EAST, 65 Km(s) **Beat No(बीट सं.) :**
      **(b) Address(पता):**
      **(c) In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**
      **Name of P.S(थाना का नाम):** **District(State)(ज़िला(राज्य)):**
6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता/सूचनाकर्ता ):**
   **(a) Name(नाम):** SI Hari Dass
   **(b) Father's/Mother's/Husband's Name (पिता / माता / पति का नाम):**
   **(c) Date/Year of Birth (जन्म तिथि /वर्ष):** **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA
   **(e) UID No (यूआईडी सं.):**
   **(f) Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
   **Date of Issue (जारी करने की तिथि ):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**
   **(g) Id details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN )**

| S.No.(क्र.सं.) | Id Type(पहचान पत्र का प्रकार) | Id Number(पहचान संख्या) |
|---|---|---|

   **(i) Address(पता):**

| S.No. (क्र.सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Present Address** | VILLAGE-EO PS SVACB Nahan, TEHSIL-Nahan, PS-NAHAN, DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |
| 2 | **Permanent Address** | VILLAGE- Doomi P.O. Poabo, TEHSIL-Shimla , PS:SHIMLA SADAR, DISTRICT-SHIMLA, STATE-HIMACHAL PRADESH, INDIA |

**(j) Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल**

**7. Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/ संदिग्ध /अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन ):**

**Accused More Than (अज्ञात आरोपी एक से अधिक हों तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Relative's Name(रिश्तेदार का नाम) | Present Address (वर्तमान पता) | Parmanent Address (स्थाई पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Dalip Singh Chauhan | | VILLAGE-the then Junior Engineer , TEHSIL-HPPWD Sub Division Renuka Ji, PS-RAINUKA,DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA | VILLAGE-the then Junior Engineer , TEHSIL-HPPWD Sub Division Renuka Ji, PS-RAINUKA,DISTRICT-SIRMAUR, STATE-HIMACHAL PRADESH,INDIA |
| 2 | Dhanvir Singh Tomar | | | |
| 3 | Hardeep Singh | | COLONY-SCO 133 Sector 28,VILLAGE-Chandigarh,PS-EAST SECTOR 26, DISTRICT-CHANDIGARH,STATE-CHANDIGARH,INDIA | COLONY-SCO 133 Sector 28,VILLAGE-Chandigarh,PS-EAST SECTOR 26, DISTRICT-CHANDIGARH,STATE-CHANDIGARH,INDIA |

**8. Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

**9. Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (संपत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ती के प्रकार) | Nature Property (प्रकृति संपत्ति) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में)) |
|---|---|---|---|---|---|

**10. Total value of property stolen (In Rs/-) (चोरी हुई सम्पत्ति का कुल मूल्य (रु में) ):**

**11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू॰डी॰प्रकरण न॰, यदि कोई हो ):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी.संख्या) |
|---|---|

**12. First Information contents (Attach separate sheet, if necessary) (प्रथम सूचना तथ्य (यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

शिकायत पत्र संख्या SV&ACB(R-HQ) Comp.NHN) 50/2022 दिनांक 17.09.2022 की प्रारम्भिक जांच उप निरीक्षक हरीदास, जांच अधिकारी, थाना राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो नाहन जिला सिरमौर द्वारा की गई है । उक्त शिकायत पत्र की जांच रिपोर्ट, सम्वन्धित रिकॉर्ड सहित विजलैंस मुख्यालय से आज अभियोग पंजीकृत करने के अनुमोदन सहित, कार्यालय पुलिस अधीक्षक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी व्यूरो दक्षिणी खण्ड शिमला से मुताबिक पत्र पृष्ठांकन संख्या 4856 दिनांक 27.06.2023 प्राप्त हुई है । जांच रिपोर्ट का विवरण इस प्रकार हैः- उपरोक्त शिकायत पत्र में आरोप लगाये गये हैं किः- 1. यह कि अधिशाषी अभियंता HP PWD मण्डल संगड़ाह के अधीन खाला क्यार से छोउ बोगर तक सड़क की मैटलिंग पैराफिट सहित आदि का निर्माण कार्य PWD विभाग द्वारा ठेकेदार M/S HS Engineer व सहयोगी के माध्यम से 14 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर कराया गया है। कथित सड़क की स्थिति बहुत खराब है और इस बात की पूरी आशंका है कि किसी भी समय सड़क पर घटना हो सकती है। 2. यह कि ठेकेदार ने सड़क मैटलिंग, पैराफिटस, क्रेट वाल व रिटेनिंग वाल के निर्माण में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। इसलिए सार्वजनिक निधि को असंतुलित किया, जिसमें संबंधित अभियंता प्रमुख, एसई और कार्यकारी अभियंता के साथ-साथ एसडीओ और जेई सब डिवीजन बेदो रेणुका जी ने ठेकेदार की मदद की। उक्त सड़क के लिए PWD विभाग के अधिकारी और साथ ही ठेकेदार M/S HS Engineer व सहयोगी द्वारा सरकार द्वारा स्वीकृत की गई राशि का मिस यूज किया है और हड़प लिया गया है। यह स्पष्ट है कि सरकारी धन 11,50,14,351 रुपये की राशि का गबन किया गया है। जांच के दौरान दिनांक 28.10.2022 को अधिशाषी अभियंता, हि0 प्र0 लोक निर्माण विभाग मण्डल संगड़ाह जिला सिरमौर के पत्र क्र0 सं0 पी0 डब्लू/एस.एन.जी. /लेखाशाखा/शिकायत/2022-23-9974 दिनांक 19.10.22 के सम्बन्धित रिकार्ड प्राप्त हुआ । रिकॉर्ड का अवलोकन करने पर पाया गया कि सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटी धीमान का निर्माण कार्य PMGSY के अन्तर्गत अप्रैल, 2018 में शुरु हुआ तथा माह जून 2021 में पूर्ण हुआ है। इसी प्रकार सम्पर्क सडक कोटी धीमान से छोउ भोगर का निर्माण कार्य PMGSY के अन्तर्गत माह जुलाई 2018 में शुरु हुआ तथा माह मई 2021 में पूर्ण हुआ। उपरोक्त सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटी धीमान के लिये PMGSY के अन्तर्गत 1262.12 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई थी तथा सम्पर्क सडक की कुल लम्बाई 19 कि.मी. व 700 मीटर है। सम्पर्क सड़क कोटी धीमान से छोउ भोगर के लिये PMGSY के अन्तर्गत 337.6 लाख रुपये की राशि स्वीकृत हुई है तथा उक्त सम्पर्क सडक की कुल लम्बाई 6 कि. मी. व 705 मीटर है। निविदा प्रक्रिया अनुसार उक्त दोनों सम्पर्क सड़कों का निर्माण कार्य मैसर्ज H.S

Engineer & associates Govt. Contractor R/o SCO-133,2nd Flour, Sector 28-D, चण्डीगढ़ को दिया गया। जिस निर्माण कार्यों में Providing Metalling tarring, removal of formation decencies, C/O PCC R/Wall & B/Wall, C/O Wire crate R/Wall & B/Wall, C/O Missing cross-drainage Works, PCC road side drain Parapets, Kilometer Stone & C/O road side edging including 5 year annual maintenance etc. कार्य सम्मिलित थे। जांच के दौरान दिनाकं 24.11.2022 को शिकायतकर्ता श्री महेश कुमार की निशानदेही पर विवादित सड़कों का मौका पर निरीक्षण हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग की तकनीकी टीम द्वारा किया गया । निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता श्री दलीप सिंह चौहान व कनिष्ठ अभियन्ता पवन कुमार ने शिकायतकर्ता द्वारा दिखाए गए स्थानों पर सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटी धीमान के RD No's. क्रमशः 01/510, 03/510 व RD No 12/870 से 03 अदद 50x50 cm के 2 cm Thick PMC Sample (टाईरिंग सैंपल) उठाये व इसीप्रकार सम्पर्क सड़क कोटी धीमान से छौऊ भोगर के RD No. 0/030 व RD No. 02/210 से 50x50 CM के 02 अदद 2 cm Thick PMC Sample (टाईरिंग सैंपल) उठाये । इसी प्रकार सम्पर्क सडक कोटी धीमान से छौऊ भोगर के RD No. 02/210 से सडक के किनारे बने पैराफिट से PCC Sample निकाल कर पेश किया व सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटी धीमान के RD No. 01/510 सडक के निचली तरफ लगी रिटैनिंग वॉल से PCC Sample व इसी सडक के RD No 01/535 सडक के निचली ओर लगी क्रेट वॉल से GI Wire के दो टुकडे निकालकर व RD No. 15/010 से सडक के किनारे बने पैराफिट से PCC Sample उठाकर पेश किये, जिन उपरोक्त प्रत्येक नमूनाजात को फर्द न0 2 के माध्यम से कब्जा में लिया गया। निरीक्षण के दौरान मौका पर मोवाईल कैमरा से फोटो भी खींचे गये है। जांच के दौरान दिनांक 29.11.2022 को मुताविक पत्र संख्या 2539 व RC न0 13/22 दिनांक 30.11.2022 के कब्जा पुलिस में लिए गए उपरोक्त नमूनाजात को बराये रासायनिक परीक्षण SFSL जुन्गा भेजा गया था। SFSL जुन्गा के पत्र संख्या 4374/SFSL/Physics (297) /2022 dated 2.01.2023 के अनुसार थाना पर प्राप्त हुआ जिसका विवरण निम्न प्रकार से हैः-1. The percentage of bitumen material in Exhibit-1 is 4.8% +- 0.24. (यह Exhibit/टायरिंग सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 1/510 से तकनीकी टीम द्वारा उठाया गया था) 2. The percentage of bitumen material in Exhibit-2 is 4.9% +- 0.25. (यह Exhibit/टायरिंग सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 3/550 से तकनीकी टीम द्वारा उठाया गया था) 3. The percentage of bitumen material in Exhibit-3 is 4.8% +- 0.24. (यह Exhibit/टायरिंग सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 12/870 से तकनीकी टीम द्वारा उठाया गया था) 4. The percentage of bitumen material in Exhibit-4 is 5.1% +- 0.28. (यह Exhibit/टायरिंग सैंपल, सम्पर्क सडक कोटीधीमान से छोऊ भोगर के RD No. 0/030 से तकनीकी टीम द्वारा उठाया गया था) 5. The percentage of bitumen material in Exhibit-5 is 4.8% +- 0.24. (यह Exhibit/टायरिंग सैंपल, सम्पर्क सडक कोटीधीमान से छोऊ भोगर के RD No. 2/210 से तकनीकी टीम द्वारा उठाया गया था) 6. The ratio of cement, sand and gravel in Exhibit-6 is 1:5:5.5 (By Volume). (यह Exhibit/कंक्रीट PCC सैंपल सम्पर्क सड़क कोटीधीमान से छोऊ भोगर के RD No. 2/210 से तकनीकी टीम द्वारा पैराफिट से उठाया गया था) 7. The ratio of cement, sand and gravel in Exhibit-7 is 1:5:6.5 (By Volume). (यह Exhibit/कंक्रीट PCC सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 1/510 से तकनीकी टीम द्वारा Retaining Wall से उठाया गया था) 8. The average diameter of Exhibit-8 is 3.92mm +- 0.0345mm. (यह Exhibit/GI तार सैंपल सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 01/532 से तकनीकी टीम द्वारा क्रेट वॉल से लिया गया था) 9.The ratio of cement, sand and gravel in Exhibit-9 is 1:6.6:4.1 (By Volume) (यह Exhibit/कंकरीट PCC सैंपल, सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटीधीमान के RD No. 15/010 से तकनीकी टीम द्वारा पैराफिट से उठाया गया था)। जांच के दौरान, विवादास्पद कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के सन्दर्भ में राज्य न्यायिक विज्ञान प्रयोगशाला जुन्गा से प्राप्त रिपोर्ट व विवादास्पद कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री की भिन्नता के वारे में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मण्डल नाहन से तकनीकी राय हासिल की गई तथा SFSL जुन्गा से प्राप्त result व हि.प्र.लो.नि. विभाग द्वारा सम्पर्क सड़कों में इस्तेमाल की गई निर्माण सामग्री bitumen की मात्रा उपरोक्त प्राप्त तकनीकी राय के अनुसार सही पाई गई है। परन्तु तकनीकी टीम द्वारा सम्पर्क सड़क कोटीधीमान से छोऊ भोगर से RD No. 2/210 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैपल में निर्माण सामग्री की रेशो मुताविक FSL रिपोर्ट 1:5:5.5 (By Volume) पाई गई है जवकि मुताविक DPR उक्त कार्य में प्रयुक्त की गई निर्माण सामग्री की रेशो 1:2.5:5 दर्शाई गई है। इसी प्रकार तकनीकी टीम द्वारा सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 1/510 सडक किनारे लगी सुरक्षा दीवार (retaining wall) से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल में निर्माण सामग्री की रेशो मुताविक FSL रिपोर्ट 1:5:6.5 (By Volume)पाई गई है जवकि मुताविक DPR उक्त कार्य में प्रयुक्त की गई निर्माण सामग्री की रेशो 1:3:6 दर्शाई गई है। तकनीकी टीम द्वारा सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 15/010 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल में निर्माण सामग्री की

रेशो मुताविक FSL रिपोर्ट 1:6.6:4.1 (By Volume) पाई गई है जवकि मुताविक DPR उक्त कार्य में प्रयुक्त की गई निर्माण सामग्री की रेशो 1:2.5:5 दर्शाई गई है। अतः जांच के दौरान उक्त सम्पर्क सड़कों में इस्तेमाल की गई निर्माण सामग्री bitumen की मात्रा सही पाई गई है। परन्तु सम्पर्क सड़क कोटीधीमान से छोऊ भोगर में RD No. 2/210 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 1/510 सडक किनारे लगी सुरक्षा दीवार (retaining wall) से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल व सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 15/010 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल में निर्माण सामग्री की रेशो मुताविक रिकॉर्ड प्रयुक्त रेशो से भिन्न व निम्न स्तर (substandard) की पाई गई है । शिकायत पत्र की जांच करने पर पाया गया कि सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटी धीमान व कोटी धीमान से छोउ भोगर का निर्माण कार्य PMGSY के अन्तर्गत हि.प्र. लोक निर्माण विभाग मण्डल संगडाह के अधीन मैसर्ज H.S Engineer & associates Govt. Contractor R/o SCO-133,2 nd Flour, Sector 28-D, चण्डीगढ़ द्वारा माह अप्रैल/जुलाई 2018 में में शुरु किया गया था तथा उपरोक्त दोनों सड़कों का निर्माण कार्य माह मई/जून 2021 में पूर्ण हुआ है। उपरोक्त सड़कों, पैराफिटस व रिटेनिंग / क्रेट वाल से लिये गये विटुमिन व कंक्रीट के नमूनाजात जांच के दौरान लेकर SFSL जुन्गा भेजे गए थे। मुताविक SFSL रिपोर्ट उक्त सम्पर्क सड़कों में इस्तेमाल की गई निर्माण सामग्री bitumen की मात्रा सही पाई गई है। परन्तु सम्पर्क सड़क कोटीधीमान से छोऊ भोगर में RD No. 2/210 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल, सम्पर्क सडक खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 1/510 सडक किनारे लगी सुरक्षा दीवार (retaining wall) से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल व सम्पर्क सड़क खाला क्यार से कोटीधीमान से RD No. 15/010 पैराफिट से उठाये गये कंक्रीट PCC सैंपल में निर्माण सामग्री की रेशो मुताविक रिकॉर्ड प्रयुक्त रेशो से भिन्न व निम्न स्तर (substandard) की पाई गई है । उक्त निर्माण कार्य दलीप सिंह चौहान तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता उप-मण्डल रेणुका जी हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (कार्यकाल 29.06.2018-15.07.2019) व श्री धनवीर सिंह तोमर, कनिष्ठ अभियन्ता उप-मण्डल रेणुका जी हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग (कार्यकाल 26.12.2019-30.06.2021) के कार्यकाल के दौरान हुये हैं तथा उक्त दोनों अधिकारियों ने ही उक्त कार्य में प्रयुक्त निर्माण सामग्री के अनुपात का इन्द्राज भी मूल्यांकन पुस्तिका पर किया है । उक्त दोनों अधिकारियों ने अपने कर्तव्य का निर्वहन उचित प्रकार से न करके Govt. Contractor श्री हरदीप सिंह के साथ मिलिभगत करके निम्न स्तर की निर्माण सामग्री का प्रयोग किया तथा मूल्यांकन पुस्तिका पर भी गलत इन्द्राज करके सरकारी कोष को हानि कारित की है । अतः श्री दलीप सिंह चौहान व श्री धनवीर सिंह तोमर के विरुद्ध अपराध जेर धारा- 420,467,468,471 भा.द.सं व 05 HPPSCP Act व श्री हरदीप सिंह , मैसर्ज H.S Engineer & associates Govt. Contractor R/o SCO-133,2nd Flour, Sector 28-D, चण्डीगढ़ के विरुद्ध अपराध जेर धारा- 04 HPPSCP Act प्रथम दृष्टया घटित होना पाया जा रहा है। कार्यवाही अज थानाः- शिकायत पत्र उपरोक्त से मामला अन्तर्गत धारा 4 & 5 of HPPSCP Act, 1983 व धारा 420, 467, 468, 471 IPC का घटित होना पाया गया। जिस पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रथम सूचना रिपोर्ट की जरूरी प्रतियां तैयार की जा रही हैं। जो अवलोकनार्थ उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जा रही हैं। FIR को ही Special Report समझा जाए। FIR की प्रति इसी समय बदस्त HASI रविन्द्र सिंह के सूचनार्थ Ld. CJM साहिब नाहन की सेवा में भेजी जा रही है तथा मिसल मुकदमा तैयार करके आगामी अन्वेषण हेतू निरीक्षक अश्वनी कुमार को दी जा रही है।

**13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
**(की गयी कार्यवाही: चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं.2.में उल्लेख धारा के तहत है |):**

**(1) Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

**(2) Directed (Name of I.O.):(जांच अधिकारी का नाम ):** Ashwani Kumar **Rank (पद):** INSP. (Inspector)
**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जांच आपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया ) or**

**(3) Refused investigation due to(जांच के लिए):**

**or (के कारण इंकार किया या)**

**Transferred to P.S.(थाना):** **District(ज़िला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित)**

**F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.**

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी |)**

**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

**14. Signature/Thumb impression of the complainant / informant.**
**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

Signature/हस्ताक्षर

**Signature of Officer in charge, Police Station**
**(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

**Name(नाम):** Tarnjeet Singh
**Rank (पद):** Addl. SP (Additional Superintendant of
**No(सं.):** NA

**15. Date and time of dispatch to the court**
**(अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):**

**Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )**
**(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))**

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1968 | | | | |
| 2 | Male | 1971 | | | | |
| 3 | Male | 1978 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.**
**(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)**